Dr. Kirti kumar akhand

संक्षिप्त कौमारभृत्य

(Short notes for Ayurved Entrance Examination)



डॉ.अखिलेश भारद्वाज

डॉ.उपासना भारद्वाज

कौमारभृत्य

❀परिभाषा (सुश्रुत) –कौमारभृत्यं नाम कुमारभरणधात्री क्षीर दोष संशोधनार्थ,
दुष्टस्तन्यग्रहसमुत्थानां च व्याधीनामुपशमानार्थम्।। (सु.सू. 1/13)

❀हारीत के अनुसार – बालचिकित्सा में – गर्भोपक्रम विज्ञान, सूतिकोपक्रम, बालरोग शमनम् का समावेश है।

❀चक्रपाणि – "कुमारस्य भरणमधिकृत्य कृतं कौमारभृत्यम् ।"

❀काश्यप के अनुसार कौमारभृत्य समस्त अंगों में सबसे प्रधान व आदि अंग है।

❀अष्टांग आयुर्वेद में कौमारभृत्य को काश्यप ने प्रथम, वाग्भट ने द्वितीय, सुश्रुत ने पंचम एवं चरक ने छटाँ स्थान प्रदान किया है।

❀कौमारभृत्य संबंध तंत्र –

- •काश्यप संहिता (वृद्धजीवक तंत्र)
- •पर्वतक तंत्र
- •हिरण्याक्ष तंत्र
- •बंधक तंत्र
- •योगसुधानिधि
- •बालचिकित्सामृत

❀कौमारभृत्य के अन्य ग्रन्थ –

- •बालकुमार तंत्र – रावण
- •बालतन्त्र – कल्याणवैध
- •कुमार तन्त्र – यामिनी भूषण
- •बालरोगचिकित्सा – दशरथ गुरु एवं मेघनाथ
- •बालग्रहचिकित्सा – जैन मुनि देवेन्द्र

❀वय विभाजन–

•चरकानुसार	वाल्यावस्था	–	जन्म से 30 वर्ष	1–16वर्ष – कफ की अधिकता 16 – 30 वर्ष – धातु वृद्धि	
	मध्यावस्था	–	30 से 60 वर्ष		
	वृद्धावस्था	–	60 से 100 वर्ष		
•भावप्रकाशकार	बाला	–	16 वर्ष तक	कुमार	– 5 वर्ष तक
	तरूणी	–	16–32 वर्ष	पौगण्ड	– 10 वर्ष तक
	प्रौढ़	–	32–50 वर्ष	किशोर	– 16 वर्ष तक
•सुश्रुतानुसार	बाल्यावस्था	–	क्षीरप 1 वर्ष तक क्षीरान्नाद 1–2 वर्ष तक अन्नाद 3वर्ष से 16 वर्ष		
	मध्यावस्था	–	वृद्धि 16–20 वर्ष यौवन 20–30 वर्ष सम्पूर्णता 30–40 वर्ष हानि 40–70 वर्ष		
	वृद्धावस्था	–	70 वर्ष से मृत्यु तक		
•काश्यपानुसार	गर्भावस्था	–	जन्म तक		
	वाल्यावस्था(क्षीरप)	–	1 वर्ष		
	कौमारावस्था(अन्नाद)	–	1–16 वर्ष		
	यौवनावस्था	–	16–34 वर्ष		
	मध्यमावस्था	–	34–70 वर्ष		
	वृद्धावस्था	–	70 से मृत्युपर्यन्ता		

Age dividation due to paediatrics

No	Division	Sub division	age
1.	Prenatal	A. Fertilized ovum(Zygote)	0 - 14 days
		B. Embryo	14days - 9 weeks
		C. Foetus	9 weeks - Birth
2.	Perinatal	-	The period begining after the 28th week of pregnancy to 7 days after birth.
3.	Postnatal	A. Early neonate	Birth - 7 days
		B. Late neonate	7 days - 1 month
		C. Infant	Up to 1 year
		D. Todler	Up to 3 year
4.	Pre School Child	-	3 - 5 year
5.	School going Child	-	5 - 10 year - Girls & 5 - 12 year - Boys
6.	Adolesense	A. Pre Pubrent	10 - 12 year - Girls & 12 - 14 year - Boys
		B. Pubrent	12 - 14year - Girls & 14 - 16 year - Boys
		C. Post Pubrent	14 - 18 year - Girls & 16 - 20 year - Boys

Growth Mnemonic

Age (Months)	0	3	5	7	9	10	11	12 1वर्ष	24 2वर्ष	36 3वर्ष	48 4वर्ष	60 5वर्ष	84 7वर्ष	120 10वर्ष
Weight (Kg.)	3		दुगना					3गुना	4गुना	5गुना		6गुना	7गुना	10गुना
Hight (Cm.)	50							75	90		100			
Headcircum.(Cm)	35							45					50	

•Neonate के Brain का wt. - 370 - 400 gm. होता है जो कि 1वर्ष में दुगना हो जाता है।

●जन्मकालीन स्वस्थ शिशु के लक्षण–

•औसत भार – 2.5 kg- 3 Kg. or 6 ½ पौंड

•औसत लम्बाई – 50 cm.

•Umbilical cord length - 50 cm.(average)



•Head Circumference - 35 cm
•Chest Circumference - 32 cm
> Both become equal by 1-2 year

•Chest Circumference should be recorded at the level of xiphisternal junction.

•Pulse Rate at birth - 140/mt.

•Respiratory Rate - 38/mt.

♦Pulse rate and respiratory rates are double that of adults and blood pressure is half of adults roughly.

•B.P. - 80/50 or 60/40

•Temperature - 97^{0}F (कारण– Newborn is very thermolabile)

•Blood Volume- 80ml / Kg Body weight.

•Hb - 18-20 gm %

•A new born requires - 100 Cal/ Kg body wt.

•No. of ossification centers at birth - 5 to 6

•No. of Fontanelle at birth - 6

❀जातमात्र Neonate-

♦जन्म के पश्चात जीवन की अवस्थाओं में सबसे पहली व सबसे छोटी अवस्था

♦दो भाग– 1. सद्योजात – जन्म से लेकर नाभिनाल कटने तक
2. नवजात– नाभिनाल कटने से चौथे सप्ताहांत तक

♦जातमात्र का मुखशोधन सैंधव युक्त घृत से करने का निर्देश है।

♦जातमात्र को बलातैल से अभ्यंग कर क्षीरवृक्षों के कषाय से स्नान कराने का निर्देश है।(सुश्रुत)

♦जातमात्र को स्तनपान प्रारम्भ करवाने का समय – चरक – जन्म के तुरन्त बाद
सुश्रुत व वाग्भट् – चौथे दिन

♦जातमात्र को सुश्रुत ने – •जन्म के प्रथम दिन – अनन्त(स्वर्ण)से मिश्रित मधु+घृत अनामिका से त्रिकालचटायें
•द्वितीय व तृतीय दिन – लक्ष्मणा से सिद्धघृत
•चतुर्थ दिन – शिशु के स्वपाणितल मात्रा के बराबर मधु+घृत चटाकर द्विकाल यथेष्ट स्तनपान करावें।

❀जातकर्म –सद्योजात बालक के माता के जरायु से बाहर आने के समय से लेकर उसके नाभिनाल कर्तन तक के समय के कर्म। यथा– शरीरशोधन, कण्ठविशोधन, प्राणप्रत्यागमन, नाभिनालोच्छेदन

वाग्भट – प्रजापत्येन विधिना जातकर्माणि कारयेत्।

❀APGAR Score –The Apgar score was devised in 1952 by anesthesiologist Dr.Virginia Apgar as a method to assess the health of newborn children(specifically cerebral palsy).

Apgar Scoring System			
Sign	0	1	2
•Appearance or Colour	Pale	Blue	Pink
•Pulse or Heart rate	Absent	<100	>100
•Grimace or Muscles Tone	Absent	Grimace	Cry Active
•Activity	Limp	Some tone	Active
•Respiration	Absent	Irregular	Reg & Cry
Total Score =10	Severe =0-3	Mild=4-7	normal=7-10

❀नाभिनालोच्छेदन– अर्द्धधार से(चरकानुसार)

•चरक– नाभिबन्धन से 8 अंगुल छोड़कर तीक्ष्ण शस्त्र से काटे

•सुश्रुत– नाभिबन्धन से 8 अंगुल मापकर धागे से बांधकर काटे

•वाग्भट– नाभिबन्धन से 4 अंगुल मापकर धागे से बांधकर काटे तथा तत्पश्चात **कुष्ठतैल** परिषेक करे।

❀चरकोक्त नाभि विकार–

•उत्तुण्डिता – मोटी बाहर को निकली हुई।

•पिण्डलिका – पिण्ड के आकार की गोल एवं कठिन

•विनामिका – किनारों से ऊँची, शोथयुक्त, मध्य में दबी हुई

•विजृम्भिका – नाभि का बार–बार घटना या बढ़ना (Umbilical Hernia)

❀चिकित्सा–1. वातपित्त शामक चिकित्सा करे।
2. अभ्यंग, उत्सादन, परिषेचन
3. वातपित्त शामक घृतों से चिकित्सा

❀सुश्रुत ने नाभि विकार में तुण्डीनाभि बतलाया है, जिसमें नाभि वात के कारण फूल जाती है एवं अत्यन्त वेदना होती है।

❀वृद्धवाग्भट ने नाभि विकार 2 बतलाये है – आयाम एवं व्यायाम से विनाम व विजृम्भिका

❀नाभिपाक एवं नाभिकुण्डल का वर्णन मिलता है – रसरत्नसमुच्चय में

❀अहितुण्डिका रोग का वर्णन किया है – चक्रपाणि ने

❀नवजात शिशु परिचर्या में उपक्रम –

क्र.	चरक	सुश्रुत	वाग्भट्
1.	प्राणप्रत्यागमन (अश्मनोः संघट्टन)	उल्वापरिमार्जन	उल्वा परिमार्जन (सैन्धव व घृत से)
2.	शीतोदकेनोष्णोदकेन वा मुख परिषेकः	मुखविशोधन	प्राणप्रत्यागमन (अश्मनोर्वादनं व दक्षिण कर्ण में मंत्र)
3.	स्नान	पिचुधारण	नालच्छेदन "संजीव शरदां शतम"
4.	मुखविशोधन	नालच्छेदन	स्नान (क्षीरीवृक्षकषाय से)
5.	गर्भोदक वमन सैन्धव + घृत से	जातकर्म	पिचुधारण
6.	नालच्छेदन	स्नान	मेधा,आयु,बल वर्धक कल्क सेवन (हरेणु प्रमाण में)
7.	जातकर्म मधु + घृत चटायें	–	स्वर्णप्राशन (मधु + घृत से)
8.	प्रथम दिन ही **दक्षिणस्तन** से स्तनपान	–	गर्भोदक वमन (सैन्धवमिश्रित घृत से)
9.	रक्षाकर्म		जातकर्म

❀**संस्कार** –

क्र.	संस्कार	काश्यप	सुश्रुत	वाग्भट्
1.	स्तनपान संस्कार	जन्म से 3 – 4 दिन पश्चात		
2.	दुग्धपान संस्कार	जन्म से 1 माह पश्चात		
3.	नामकरण संस्कार	10वें दिन (कभी–कभी 101 वे दिन या 1 वर्ष तक)		
4.	रक्षाकर्म	जन्म के प्रथम मास में		
5.	सूर्य व चन्द्रदर्शन	जन्म के प्रथम मास में ही		
6.	निष्क्रमण संस्कार (देवालय दर्शन)	4 माह	——	4 माह
7.	उपवेशन या भूम्युपवेशन संस्कार	6 माह	——	5 माह(अ.हृ.), 5माह बाद(अ.सं.)
8.	फलप्राशन	6 माह	———	———
9.	अन्नप्राशन	10 माह	6 माह	6 माह
10.	कर्णवेध	6–7–8 माह(शुक्लपक्षमें)	6 या 7 माह	6–7–8 माह(शुक्लपक्ष)
11.	अक्षरलेखन संस्कार	5 वर्ष	शक्तिमंत हो जाने पर	

❀महर्षि दयानन्द ने 'संस्कार विधि' इनकी विवेचना की है, प्रमुख संस्कारों की संख्या – 16 है।

1. गर्भाधान संस्कार – पुरुष 25 वर्ष एवं स्त्री 16 वर्ष की हो।
2. पुंसवन संस्कार – गर्भधारण के दूसरे या तीसरे मास में करते है।
3. सीमन्तोन्नयन संस्कार – बालक की बौद्धिक शक्तियों की वृद्धि की कामना हेतु गर्भस्थापन के चौथे महीने (कभी छटे या आठवे माह में भी) में शुक्ल पक्ष में करते है। (वाग्भट्)
4. जातकर्म संस्कार – शिशु के पैदा होने के बाद उसे जीवित व स्वस्थ रखने हेतु आवश्यक कर्म।
5. नामकरण संस्कार– जन्म के 11वें, 101वें दिन या दूसरे वर्ष में करने का निर्देश है।
6. निष्क्रमण संस्कार – चौथे महीने में जिस तिथि में बालक उत्पन्न उसी तिथि को।(वाग्भट्)
7. अन्नप्राशन – छठे महीने में (वाग्भट्) दसवें महीने में (काश्यप)
8. **चूड़ाकर्म या मुण्डन संस्कार** – 3 या 5वें वर्ष में (काश्यप सूत्र 21 चूड़ाकरणीय अध्याय में भी)
9. कर्णवेधन संस्कार – 6 या 7वें महीने में (सुश्रुत)
10. उपनयन संस्कार – बालक का आध्यात्मिक जीवन मे प्रवेश अर्थात दूसरा जन्म
11. वेदारम्भ संस्कार – उपनयन संस्कार के ही दिन या 1 वर्ष के अन्दर करने का निर्देश है।
12. समावर्तन संस्कार – 25 वर्ष की आयु तक विद्याध्ययन करने के पश्चात विदाई समारोह।
13. विवाह संस्कार –
14. वानप्रस्थ संस्कार –
15. सन्यास संस्कार –
16. अन्त्येष्टि संस्कार –

❀कुमारागार – •Children's Ward Room •चरक द्वारा वर्णित
❀कुमाराधार – •Male Nurse for child •वाग्भट द्वारा वर्णित
❀बालक्रीडनक – •Children's Toys •चरक द्वारा वर्णित
❀चरक ने 'कुमार' शब्द नवजात शिशु (New Born) के लिये प्रयुक्त किया।
❀शार्ङ्गधर ने 22 बालरोगो व 12 बालग्रहों का वर्णन किया।
❀काश्यप ने 4 माह तक बालकों में 'हस्तस्वेदन' का निर्देश किया है।
❀चरक ने स्तनपान **प्रथम दिन** ही अभिमंत्रित मधु + घृत चटाने के पश्चात माता को **पूर्वाभिमुख** होकर **दक्षिणस्तन** से कराने का निर्देश।

❀स्तन्यपान के निर्देश–
- ♦स्तन्यपान की मात्रा प्रथम दिन माता के स्वपाणितल मात्रा के बराबर कही है।
- ♦माता के दुग्ध के अभाव में दो धात्री रखना चाहिये (वाग्भट्)
- ♦चरक एवं सुश्रुत ने समान वर्ण की (ब्राह्मणादि) धात्री का विधान किया है।
- ♦तत्पश्चात सुश्रुत ने विशेष रुप से श्यामा वर्ण की धात्री का विधान किया है।
- ♦धात्री के अभाव में अजादुग्ध या फिर गौदुग्ध दे।
- ♦या फिर केवल लघुपंचमूल या शालपर्णी, प्रश्निपर्णी से सिद्ध दुग्धपान कराये।
- ♦पीयूष (प्रसूता के प्रथम 3 दिन का दूध) गुरू व कफकारक होने से बालकों में निषेध है।

❀ वाग्भट के अनुसार दंत निकलने के पश्चात (after 8th Month) बच्चे को धीरे–धीरे दूध छुड़ा देना चाहिये।

❀क्षीर महिमा–
- ♦चरक – 'क्षीर जीवनया'।
- ♦वाग्भट्– 'मातुरेव पिवेत्स्तन्यं तद्धयलं देहवृद्धये'
- ♦काश्यप – 'क्षीरं सात्म्यं हि बालानां क्षीरं जीवनमुच्यते'। का.खि.22

❀स्तन्य के गुण–
- ♦चरक –जीवनम्, वृहणम्, सात्यम्, स्नेहनम्, रक्तपित्त में नस्य व नेत्रशूल में तर्पण हेतु श्रेष्ठ
- ♦सुश्रुत –मधुर, कषाय अनुरस, शीतल, पथ्यं, जीवनम्, लघुदीपनम् नस्य व अश्चोतन कार्य के लिये उत्तम्
- ♦वाग्भट्–वातज, पित्तज, कफज एवं अभिघातजन्य अक्षिरोगो में तर्पण,आश्चोतन व नस्य हेतु।

❀स्तन्यवर्धन–
- ♦चरक व काश्यप के अनुसार – सीधु को छोड़कर अन्य मद्य स्तन्यवर्धक है।
- ♦दुग्धोत्पादक कारणों में सबसे प्रधान कारण वात्सल्य है।
- ♦मानसिक तनाव, भय, चिंता, शोक, क्रोध स्तन्यनाश का प्रधान कारण है।
- ♦स्तन्यवर्धक द्रव्यों में – शतावरी (जबकि चरक ने स्तन्यजनन महाकषाय में तृणपंचमूल आदि द्रव्य रखे है, शतावरी नहीं))
- ♦काकोल्यदि गण स्तनजनन है।
- ♦सुश्रुत ने मुस्तादिगण को स्तन्यशोधक व योनिदोषहर बताया है।
- ♦सुश्रुत ने वचादि, हरिद्रादि व मुस्तादि गण को स्तन्यशोधक कहा।
- ♦स्तन्यशोधक रस तिक्त है।

❀ चरकानुसार स्तनसम्पत् –6
- ♦नात्यूर्ध्व स्तन ♦नातिलम्ब ♦नातिकृश
- ♦नातिस्थूल स्तन ♦युक्तपिप्पलकौ ♦सुखप्रपानो

❀ असम्पत् स्तन –

♦उर्ध्व स्तन – करालता (सु.), उर्ध्वदृष्टि (अं.सं.)

♦लम्बस्तन – श्वासावरोध

♦अतिस्थूल स्तन – ग्रीवाभंग

❀शुद्ध स्तन्य के लक्षण – (सुश्रुत) स्वच्छ, पतला, शीतल, पाण्डुरम, रस – मधुर, जल में डालने पर घुल जाये, विकृत वर्ण रहित हो उसे प्रसन्न (शुद्ध) दुग्ध कहते है।

❀क्षीर दोष (चरक 8) – "अष्टो क्षीर दोषाः इति–वैवर्ण्य, वैगन्ध्य, वैरस्यं, पैच्छिल्यं फैनसंघातो, रौक्ष्यं, गौरवमिति, स्नेहश्चिति।"

❀दोषानुसार क्षीरदोष – वातज – **वैरस्य**, फैनसंघातो, रौक्ष्यं

पितज – **विवर्णता, वैगन्ध्य**

कफज – स्नेहयुक्त, पैच्छिल्यं, गौरवम् (च.चि 30/237)

❀क्षीर दोष (हारीत 5) – घन, उष्ण, अम्ल, अल्प, क्षार

❀दूषित क्षीर पानजन्य रोग एवं चिकित्सा– (च.चि.30)

दुग्ध	–	रोग	दुग्ध	–	रोग
1. वैरस्य		–कृशता (पंचकोलादि लेप)	5. **वैगन्ध्य**	–	**पाण्डु, कामला** (सारवादि लेप)
2. **फैन**		**–शिरोरोग, पीनस**	6. पिच्छिल	–	शोथ
3. रुक्षता		–बलनाश (पंचमूल लेप)	7. गुरू	–	हृदयरोग
4. **विवर्ण**		**–तृष्णा, पिपासा, मिन्नविट्**	8. अतिस्निग्ध	–	वमन, अतिलालास्त्राव निद्रा, क्लम, श्वास, कास, प्रसेक

❀वर्णानुसार गौदुग्ध के गुणदोष –

वर्ण –	दुग्ध	•अन्य दुग्ध		
1. कृष्ण –	वातशामक	1. अजादुग्ध	–	ग्राही
2. पीत –	वातपितशामक	2. महिषीदुग्ध	–	अभिष्यन्दी
3. श्वेत –	कफकारक	3. गौदुग्ध	–	रेचक
		4. जिसका शिशु न हो	–	त्रिदोषकारक

❀दुग्धघटक –

क्र.	दुग्ध	प्रोटीन%	Fat	Sugar	Ca	Water	Calories	श्रेष्ठता क्रम
1.	पीयुष	8.7	2.3	5.2	.10	86	58	–
2.	स्त्रीदुग्ध	1.1	3.8	**6.8**	.10	87	75	1
3.	गधीदुग्ध	2.1	1.5	6.2	–	89.9	68	2
4.	अजादुग्ध	3.3	4.5	4.6	.12	85	72	3
5.	गौदुग्ध	3.5	3.7	4.9	.17	87	66	4
6.	भैंसदुग्ध	**4.3**	**8.8**	5.1	**.21**	81	**117**	5

❀स्त्री दुग्ध में Ig-G, Ig-A पायी जाती है।

❀शुद्ध दुग्ध की SG- 1027-1034 होती है।

❀स्तन्य के वर्ण का बालक पर प्रभाव– (काश्यप)

तैलवर्णे **बली** तुल्या घृतवर्णे **महाधनः** ।

यशस्वी धूमवर्णे तु शुद्धे **सर्वगुणो**दितः।। (काश्यप सू. 19/3)

❀हारीत ने 6 प्रकार के स्त्री दुग्ध कहे– घनक्षीरा, उष्णक्षीरा, अम्लक्षीर, अल्पक्षीरा, क्षारक्षीरा, **मृदुक्षीरा**

•इसमें मृदुक्षीर बालक के लिये सुखकारक है

•शेष 5 क्षीर दोषोत्पादक है।

दन्तोद्भवन

❀काश्यप ने इसका विस्तृत वर्णन सूत्र स्थान 'दन्तजन्मिक अध्याय 20' में किया।

❀दन्ताशारीर – अस्थि– रूचक
संधि – उलूखल
भाव – पितृज

❀काश्यप के अनुसार दन्त निषिक्त– रक्त धातु से
वाग्भट् के अनुसार दन्त निषिक्त – अस्थि व मज्जा धातु से

❀शार्ङ्गधर ने दन्त को 'अस्थि की उपधातु' कहा है।

❀दन्तोद्भेद की अवस्थायें – 3

1. निषिक्त– गर्भावस्था में मसूढ़ो में दंताकुंरो का आना 4 माह में दांत निषिक्त हो जाते हैं।
2. मूर्तिमान – दंताकुंरो का बढ़कर दांतों का रूप धारण करना।
3. उद्भेदन – मसूडो को विदीर्ण कर बाहर आना।

❀दन्त भेद–2

1. सकृंजात– जो केवल एक बार निकलते है (8)
2. द्विज (Milk teeth)- जो दो बार निकलते हैं। (24)

❀दन्त प्रकार – 4

क्र.	नाम	आधुनिक नाम	कार्य
1.	राजदन्त	Central Incisor	कर्तन (पवित्र दन्त)
2.	वस्त	Lateral Incisor	कर्तन
3.	दंष्ट्रा	Canine	कठिनद्रव्यों का कर्तन
4.	हानव्य	Bicuspid & Molars	चर्वण

❀दन्त उत्पत्ति के प्रकार–4

1. सामुदग् – क्षयज बार–बार टूट कर गिरते है।
2. संवृत – मैले दांत
3. विवृत – ओंठो से न ढके मैले व लार गिरती है।
4. दन्तसम्पत्त – आंठवे मास में निकले दांत– श्रेष्ठ व सर्वगुण सम्पन्न

❀काश्यप के अनुसार– जितने माह में दाँतों का निषेचन होता है, उतने ही दिनों में वे फूटकर बाहर निकलते हैं उतने ही वर्षों में वे गिरकर पुनः निकल आते हैं।

❀काश्यप के अनुसार **बालिका** (Female Baby) में दन्तोत्पत्ति पहले होती है तथा Male की तुलना में दांत मृदु व सुषिर होते हैं।

❀दांतों में विभिन्न भिन्नताओं (कम, अधिक, टूटे, कराल आदि) का होना अशुभ है।
शन्ति उपाय– 'मारूति–इष्टि यज्ञ' कराये (काश्यप)

❀वाग्भट ने दांतो के साथ पैदा हुये बालक के लिये 'नैगमेष ग्रह' की पूजा का विधान किया है।

❀दन्तोद्भेद् काल – काश्यप – 4 – 8 वें मास तक
अ.सं. – 8 मास (दीर्घपुष्पा)

●दन्तोत्पत्ति काल एव क्रम – 5–8 माह के बीच में निकलना शुरू होते है, तथा $2\frac{1}{2}$ वर्ष की वय तक सभी निकल आते हैं।

●Milk Teethउत्पत्ति काल –

क्र.	दाँतों के नाम	निकलने का समय
1.	Lower Central Incisor	5-10 माह
2.	Upper Central & lateral incisor	8-12 माह
3.	Lower Lateral incisar & upper Lower First Molar	12-14 माह
4.	Canine (eye teeth)	16-22 माह
5.	Second Molar	24-30 माह

●Permanent Teethउत्पत्ति काल –

क्र.	दाँतों के नाम	निकलने का समय
1.	First Molar	5-7 वर्ष
2.	Central Incisor	6-8 वर्ष
3.	Lateral incisor	7-9 वर्ष
4.	First Bicuspid & Second Bicuspid	7-11 वर्ष & 10-12 वर्ष
5.	Canine	11-14 वर्ष
6.	Second Molar	11-14 वर्ष
7.	Third Molar (Wisdom Teeth)	17-25 वर्ष



●Milk teeth - 20 - 2102/2102
●Permanent Teeth - 32 - 2123 /2123

●दन्तोद्भेदकालीन व्यधियां –

"दन्तोद्भेदश्च सर्वरोगायतनम्। विशेषेण तु ज्वर शिरोभिताप तृष्णाभ्रमाभिष्यन्दकुकूणकपोथकी वमथुकासश्वास अतिसारविसर्पः।"अ.सं.उ.2/19

"दन्तोद्भेदश्च रोगाणां सर्वेषामपि कारणम्। विशेषाज्वरविड्भेदकासच्छर्दिशिरोरुजाम्।। अभिष्यन्दस्यपोथक्याविसर्पस्य च जायते।"अ.हृ.उ.2/27

●Development of teeth-

1. 4 माह में होने से – अधिदंत रोग, दंतक्षय
2. 5 माह में होने से – दन्तभेद, दंतहर्ष
3. 6 माह में होने से – मलयुक्त, विवर्ण, वक्रदन्त
4. 7 माह में होने से – रेखायुक्त, खण्ड
5. 8 माह में होने से – दन्तसम्पत्त (10 गुणों से युक्त)

●दन्त दोष–8– सदन्तजन्म, पूर्वउत्तरदन्तजन्म, विरलदन्त, हीनदन्त
अधिक दन्त, कराल दन्त, विवर्णदन्त, स्फुटितदन्त

●वाग्भट ने दन्तोद्भवजन्य रोगों में 'काश्यप घृत' का निर्देश किया है।

क्षीरान्नाद कालीन व्याधि

❀कुकूणक (Trachoma/opthalmia neonatarum) दूषित स्तन्यपान से Eyelids में उत्पन्न होने वाला रोग विशेष।

लक्षण	काश्यप	सुश्रुत	वाग्भट्
1. निदान	माता के कुपथ्य, लवण व अम्ल का अधिक सेवन	**स्तन्य प्रकोप से**	**दन्तोत्पत्तिकाल निमित्तज**
2. दोष	कफ + रक्त	कफ+वात+पित+रक्त	-
3. लक्षण	आंखों से निरन्तर पानी,छींक न आना, मन अप्रसन्न,नाक कान कुरेदते रहना मस्तक, आंख, नाक मसलना, वर्त्मशोथ, सूर्यप्रभा न सहना, आंख में खुजली	नेत्रकण्डु, अक्षिकूट ललाट मसलता है, नेत्रवर्त्मशोथ निरन्तर अश्रुश्राव प्रकाश न सहन करना	शोथ व ताम्रवर्ण के नैत्र, देखने में असमर्थता, वर्त्म में शूल व पिच्छिलता बालक कर्ण नासा व नैत्र मलता है।
4.चिकित्सा	•धात्री का वमन व विरेचन •बालकों में कोकिला गुटिका, लोहितिका गुटिका	•बालक का वमन -अपामार्ग से क्षीरान्नाद में - वचा चूर्ण से अन्नाद में - मदनफल से •गुटिकांजन का प्रयोग	•वमनं सर्वरोगेषु विशेषेण कुकूणके। •बालक का वमन एवं विरेचन

•रावणकृत कुमारतन्त्र, योगरत्नाकर, माधवनिदान में कुकूणक क्षीर दोष से उत्पन्न माना गया है।
•हारीत ने स्तन्य में क्षार दोष के कारण कुकूणक उत्पत्ति बतलायी है।

❀तालुकण्टक – (Adenoids)

•तालुमांस में कुपित कफ तालुकण्टक रोग को उत्पन्न करता है।
•लक्षण– तालुपात, स्तनद्वेष, कठिनाई से स्तन्यपान, मल का पतलापन तृष्णा, कण्डु, अक्षिरुजा, वमन, ग्रीवा को सीधा न रख पाना।
•चिकित्सा – प्रतिसारण – यवक्षार + मधु, सोंठ, गोर्बररस (वा.) एवं मधुरगण की औषध से सिद्ध घृतपान (सु.)

❀परिगर्भिक – (Marasmas / Kwashiorkar)

•पर्याय –परिभव, परिभवाख्य, दुधकट्टा, अहिण्डी
•कुपोषण जन्य रोग है।(गर्भिणी स्तन्यपान से)
•लक्षण – कास, अग्निमांद्य, वमन, तन्द्रा, कार्श्य, अरुचि, भ्रम, पेट का बढ़ा होना।
•चिकित्सा – काश्यपानुसार – **"पारगर्भिके रोगे तु पूज्यते वन्हिदीपनम।"**अर्थात दीपन चिकित्सा करें।
वाग्भटानुसार – रोगं परिभ्याख्यं च युंजयात्तत्राग्नि दीपनम्।।

❀अहिपूतना – (Napkin rash or Infentile erythema of Jacquet or Sore buttocks)

•पर्याय (वाग्भट)– प्रष्ठारू, मातृकादोष, अनामिक, गुदकुट्ट(Proctitis)
•रक्त कफ दुष्ट जन्य व्याधि एवं दुष्ट स्तन्यजन्य व्याधि
•मलावरोध के कारण गुद प्रदेश में कण्डु, दाह, तीव्ररुजा, पिडिका होना
•चिकित्सा – 1. मातृस्तन्य शोधन एवं बालक में राग व कण्डू अति होने पर जलौकावचारण करने को कहा है
2. सुश्रुत ने पित्तघ्नी चिकित्सा करने का विधान कर रसांजन का पान व लेप कहा है।
3. रसौत लेप (भैषज्य रत्नावली में रसांजन को गुदपाक की श्रेष्ठ औषध बताया है)
•**पश्चाद्गुज** – भै.र. में वर्णित अहिपूतना के लक्षणों जैसी एक व्याधि जिसमें गुद प्रदेश में जलौका सदृश्य व्रण, दाह, ज्वर व हरितपीत वर्ण का मलभेद होता है। चि.–चन्दनादि लेप
•**गुदपाक** का वर्णन सुश्रुत, भावप्रकाश व भैषज्यरत्नावली में आया है।

❀शैय्यामूत्र – (Eneuresis / Bed wetting)

•सर्वप्रथम वर्णन शार्ङ्गधर ने किया, भावप्रकाश में स्वतंत्र अध्याय के रुप में वर्णन।
•वातदोष के कारण
•शास्त्रोक्त चिकित्सा– अहिफेन + **बिम्बीमूल स्वरस**
•आधुनिक चिकित्सा– कृमिहर चि. + स्तम्भक चि. +मनोबल्य औषधि

❀फक्क – (Rickets) •कुपोषण व क्षीणता जनित रोग

•"बाल संवत्सरा पादाभ्यां यो न गच्छति"। एक वर्ष पश्चात न चल पाना।

•भेद–3 (1) क्षीरज → **श्लेष्म** दुष्टस्तन्य → इसको फक्कदुग्धा कहते है → क्षीरज फक्क

(2) गर्भज → शिशु की माता शीघ्रगर्भवती(गर्भिणीमातृकः) → दुग्ध सूख जाता है(क्षीयते म्रियते वाऽपि) → गर्भजफक्क

(3) व्याधिजन्य → ज्वर आदि से → नितम्बबाहु जंघादि शुष्क → व्याधिजन्य फक्क रोग

•चिकित्साः–

1. कल्याणक घृत, षटपल घृत, अम्रत घृत, से स्नेहन करायें।
2. स्नेहन होने के 7 दिन में – **त्रिवृत्त क्षीर– शोधन**
3. शोधन पश्चात **ब्राह्मी घृत** सेवन
4. **"त्रिचक्र रथम्"**

❀महापद्मक (Erysipelas neonatrum)

••त्रिदोषज व्याधि है, बच्चों में होने वाला विसर्प का ही भेद है।

•प्रकार–2 बस्तिज– हृदय प्रदेश से गुद प्रदेश तक फैलने वाला
शीर्षक– हृदय प्रदेश से शंख प्रदेश तक फैलने वाला

•वर्ण लाल कमल के समान होने से महापदमक् कहलाता है, घातक है।

•चिकित्सा– विसर्पवत

❀क्षीरालसक – पर्याय – अत्यय (अतिपीड़ाकारक)

•त्रिदोष युक्त दुग्धपान के कारण

•लक्षण – मल दुर्गन्धयुक्त, विछिन्न, झागदार, नानावर्णयुक्त व पीड़ाकर, मूत्र पीला श्वेत व घन, बच्चे को ज्वर, अरोचक, प्यास, वमन, शुष्कउद्गार, विजृम्भिका, अंगभंग, अंगविक्षेप, **घाणअक्षिमुखपाक**

•चिकित्सा – दुश्चिकित्स्य, धात्री एवं बालक का वमन करायें , वचादि व निशादि क्याथ

❀परिदग्ध छवि–

•वाग्भट ने वर्णन किया। कुछ विद्वानों के अनुसार Birth Mark है।

•पित्त प्रकोप से

•चिकित्सा– मूर्वा, तिल, उत्पल, शिरीष, सारिवा – प्रदेह

❀उल्बक रोग या अम्बुपूर्ण रोग या सहजरोग (अ.सं.) –

•बालक के गर्भोदक पान कर जाने के कारण हृद्रोग, आक्षेपक, कास, ज्वर व छर्दि आदि रोग हो जाते है। इसे ही उल्बक रोग कहते है।

•चिकित्सा–इसमें स्तनपान व अभ्यंग निषेध है। स्त्रोतो विशोधन करें एवं बिल्वादि घृत एवं अजामूत्र पान प्रशस्त बताया है।

❀पर्वानुप्लव रोग (अ.सं.) –

•हाथों से उठ कर वायु शिशु के सिर, पृष्ठ, मुष्क व फिर पैरों के पर्व को जकड़ देता है, इसे ही पर्वानुप्लव रोग कहते है।

•चिकित्सा–बस्तमूत्र सुरा साधित तैल एवं वातव्याधि की चिकित्सा करते है।

❀उत्फुल्लिका (Pneumonia) – योगरत्नाकर में वर्णित

आध्मानवातसम्फुल्ली दक्षकुक्षौ शिशोर्भवेत्।
उत्फुल्लिका स विख्याता श्वासश्वयथु संकुला।।

•चिकित्सा – बालक के उदर में जलौका लगाकर रक्तमोक्षण करें।

❀शुष्ककास (अ.सं.) –

•चिकित्सा–विशेष रुप से धात्री स्तन्यशोधन एवं घृतभर्जित माषसूप का प्रयोग

❀चर्मदल – •काश्यप ने स्वतन्त्र अध्याय के रुप में वर्णन किया है।

•केवल क्षीरप(स्तन्य दोष से) व क्षीरन्नाद (स्तन्य दोष एवं आहार दोष से) बालकों में

•चर्मदलमिति चर्मावदारणात। स चतुर्विधो –वा., पि., क., सन्नि.

❀कुरण्ड –(Orchitis) – वाग्भट द्वारा वर्णित •पित्तदोष के कारण अण्डवृद्धि

•चिकित्सा – शम्बूक योग एवं बालक में कर्ण के ऊपर सिरावेधन करें।

❀बालशोष (अ.सं.) –

•दिन में अत्याधिक सोने से, शीतल जलपान एवं कफदूषित दुग्धपान करने से रसवाही स्त्रोतस अवरुद्ध होने से बालशोष रोग हो जाता है।

•लक्षण – अरोचक, प्रतिश्याय, ज्वर तथा कास, शिशु सूखने लगता है, मुखमण्डल विशेषतः सूख जाता है।

•चिकित्सा–अश्वविष्ठास्वरस +मधु +मुलेठी या द्विवार्ताकीफलरस या केवल अश्वविष्ठास्वरस पान

❀जलशीर्षक (Hydrocephalus)

•सिर में जल का संग्रह अर्थात जलशीर्ष।also known as "water on the brain," is a medical condition in which there is an abnormal accumulation of cerebrospinal fluid (CSF) in the ventricles, or cavities, of the brain.

•प्रकार–❶जन्मजात Congenital -1) intraventricular matrix hemorrhages in premature infants, 2) infections, 3) Arnold-Chiari malformation, 4) aqueduct atresia and stenosis

❷अर्जित Acquired – 1) CNS infections, 2)meningitis, 3)brain tumors, 4)head trauma, intracranial hemorrhage and is usually extremely painful.

•परीक्षण –❶ X-Ray, Pneumoencephalography

❷USG is the best diagnostic method of hydrocephalus foetus.

❸*MacEwen's* sign is a sign used to help to diagnose hydrocephalus.

Macewen's sign is a sign used to help to diagnose hydrocephalus and brain abscesses. Percussion the skull near the junction of the frontal, temporal and parietal bones will produce a stronger resonant sound when either hydrocephalus or a brain abscess are present.

❹Sunset sign seen in Hydrocephalus

•चिकित्सा –❶Diuretic drugs,

❷Ventriculostomy or Choroidplexectomy

❸ Shunt

❀उदरकृमि व उनकी आधुनिक चिकित्सा –

1. Roundworm or Ascaris Lumbricus	- Piperazine	- पलाश व विडंग
2. Hookworm or Ancylostoma Duodenale	-Bephenium hydrocloride	- भल्लातक व निम्ब
3. Threadworm or Pin worm or Enterobius Vermiacularis	-Piperazine	- निम्ब
4. Tapeworm or Taenia Solium	-Niclosamide	- कम्पिल्लक
5. Entamoeba histolytica	-Metronidazole	- कुटज
6. Giardia Intestinalis	-Metronidazole	- कुटज

☛Albendazole सभी कृमि में हितकर है केवल amoeba एवं Giardia को छोड़कर

Neonatal jaundice or Neonatal hyperbilirubinemia or Neonatal icterus

- This condition is common in newborns affecting 50–60% of all babies in the first week of life.
- Jaundiced newborns have an apparent icteric sclera, and yellowing of the face
- जन्म के समय Sr. Bilirubin 3.5, 1st day- 5 , 2nd day - 9, 3 to 5day-13mg/dl तक हो जाता है।
- Causes - Mechanism involved in physiological jaundice are mainly:
  - ❶Relatively low activity of the enzyme glucuronosyl transferase which normally converts unconjugated bilirubin to conjugated bilirubin that can be excreted into the gastrointestinal tract.
  - ❷Shorter life span of fetal red blood cells, being approximately 80 to 90 days in a full term infant, compared to 100 to 120 days in adults.
  - ❸ Relatively low conversion of bilirubin to urobilinogen by the intestinal flora, resulting in relatively high absorption of bilirubin back into the circulation.
- Treatment -
  - Phototherapy works through a process of isomerization
  - that changes trans-bilirubin into the water-soluble cis-bilirubin isomer.
  - In phototherapy blue light is used because it is more effective at breaking down bilirubin

Cleft lip or harelip

- Cleft lip का operetion किस उम्र में करते है – 3 माह में
- Cleft palateका operetion किस उम्र में करते है – $1\frac{1}{2}$ –2 वर्ष में
- खण्डौष्ठ का कारण – वायु दोष (वाग्भट)
- खण्डतालु का कारण – वात + पित्त दोष (सुश्रुत)
- Cleft lip Repair - **Rule of Ten**
  - Hb>10gm%
  - age approx :10 weeks
  - Weight >10 lbs
  - TLC<10,000/mm^3

Neonatal Tetanus

- Description: Tetanus is acquired through exposure to the spores of the bacterium Clostridium tetani which are universally present in the soil.
- 8th day disease - Neonatal tetanus
- The disease is caused by the action of a potent neurotoxin produced during the growth of the bacteria in dead tissues, e.g. in dirty wounds or in the umbilicus following non-sterile delivery.
- People of all ages can get tetanus. But the disease is particularly common and serious in newborn babies. This is called neonatal tetanus.
- Prevention: Toxoid as DPT, DT, TT or Td - at least 3 primary doses given by the intramuscular route

बालग्रह

●ग्रहबाधा के कारण–3
1. हिंसा की आकांक्षा (असाध्य)
2. रति की आकांक्षा (कष्टसाध्य)
3. बलि की आकांक्षा (सुख साध्य)

●ग्रहबाधा के पूर्वरूप – (वा.)
1. सततरोदन
2. ज्वर

●भेद–
•8 – हारीत
•9 – सुश्रुत, भावप्रकाश, योगरत्नाकर, माधवनिदान
•12 – वाग्भट, शार्ङ्गधर, बालकुमारतन्त्र (रावणकृत)
•1 – रेवती प्रधान कहा (काश्यप 20 पर्याय बताये) कुल ग्रह10 कहे 'ग्रहस्तु दशकीर्तिता।'
•अपरिसंख्येय – ग्रह चरक ने बतलाये है

●हारीत के अनुसार –8

1. लोहिता	2. रेवती	3. वायसी	4. कुमारी
5. शकुनि	6. शिवाग्रह	7. उर्ध्वकेशी	8. सेना

●सुश्रुत व योगरत्नाकर के अनुसार – 9
पु. –3, स्त्री –6

1. स्कन्द (गृहाधिपति)	4. रेवती	7. शीतपूतना
2. स्कन्दापस्मार	5. पूतना	8. मुखण्डिका
3. शकुनि	6. अंधपूतना(यो.र.–गंधपूतना)	9. नैगमेष (पितृग्रह)

●वाग्भट के अनुसार – 12

पुरुष शरीर धारी –5	स्त्री शरीर धारी –7	
1. स्कन्द	1. शकुनि	6. रेवती
2. विशाख	2. पूतना	7. शुष्क रेवती
3. मेषास्य	3. शीतपूतना	
4. श्वग्रह	4. अदृष्टि पूतना	
5. पितृग्रह	5. मुखण्डिका	

●रावणकृत बालकुमार तन्त्र के अनुसार – 12

1. नन्दा –	1 दिन, 1 माह, 1 वर्ष में	7. शुष्करेवती 7 दिन, 7 माह, 7वर्ष में
2. सुनन्दा –	2 दिन, 2 माह, 2 वर्ष में	8. आर्यका
3. पूतना –	3 दिन, 3 माह, 3 वर्ष में	9. स्वस्तिमातृका
4. मुखमण्डिका–	4 दिन, 4 माह, 4 वर्ष में	10. नित्रृतामातृका
5. कट पूतना –	5 दिन, 5 माह, 5 वर्ष में	11. पिलिपिच्छिका
6. शकुनिका –	6 दिन, 6 माह, 6 वर्ष में	12. कामुकामातृका

●काश्यप के अनुसार –
•काश्यप ने रोगाध्यायसूत्रस्थान 27 में बालग्रह 10 कहे है। लेकिन ओषधमैषजेन्द्रियाध्याय12 में 9 बालग्रहों का ही वर्णन मिलता है।

1. स्कन्द	4. रेवती	7.मुखमण्डिका
2. स्कन्दापस्मार	5. शुष्करेवती	8.पूतना
3. पौण्डरीक	6. शकुनी	9.नैगमेष

•काश्यप ने बालग्रहचिकित्साध्याय में 'रेवती' को ही प्रधान ग्रह माना है एवं रेवती के ही 20 नाम गिनाये हैं।
•रेवती को 'षष्टी ग्रह' भी कहा।

1. वारुणी	6. शुष्का	11. माता	16. रोदनी
2. रेवती	7. षष्ठी	12. शीतवती	17. भूतमाता
3. ब्राह्मणी	8. यमिका	13. कण्डू	18. लोकमातामही
4. कुमारी	9. धरणी	14. पूतना	19. शरण्या
5. बहुपुत्रिका	10. मुखमण्डिका	15. निरुचिंका	20. पुण्यकीर्ति

•काश्यप ने शीतपूतना को कटपूतना भी कहा है।

बालग्रह

क्र.	ग्रह	सुश्रुतानुसार लक्षण	वाग्भटानुसार लक्षण	योगरत्नाकरानुसार लक्षण
1.	स्कन्दग्रह	शूनाक्ष क्षतजसगन्धिक स्तनद्वेषी गाढमुष्टिवर्चा	एक आँख से स्त्राव शिरोविक्षेपते मुहुः, एक ओर का अंग निष्क्रिय,	उर्ध्वदृष्ट्या, दन्तान्खादति रोदनं च अल्पमेव
2.	स्कन्दापस्मार (विशाखा)	निसंज्ञोपुर्नसंज्ञा, करचरणैश्च नृत्यतीव अव्यक्त शब्दों के साथ मलमूत्रत्याग	संज्ञानाशो मुहु, केशलुंचन, उर्ध्वदर्शन फेनोद्वमन, ज्वर,	सुश्रुतोक्त
3.	नैगमेष	फेनवमति, **विनम्यते च मध्ये**, अतिसार, वमन, कास, हिक्का, प्रजागरा	आध्मान, पाणिपाद स्पंदन, फेनवम्य, मुट्ठी भीचना, एक नेत्र में शोफ ओष्ठदंश, उर्ध्व निरीक्ष्य	उर्ध्व पश्येद्दशेद्दन्तात
4.	श्वग्रह (वा.)	–	कण्ठकूजनम, जिह्वादंश,चक्षुर्निमीलनम्, बहिरायमनं, कुत्ते के समान भोंकना	–
5.	पितृग्रह (वा.)	–	**मुहूस्त्रांस**(बार–बार डरना), ज्वर, कास, अतिसार वमन, मुट्ठी भींचना, रोमहर्ष	–
6.	शकुनि	अंगशिथिल, **भय चकित**, स्त्रावयुक्तव्रण, दाह पाकयुक्तस्फोट	जिह्वा, तालु, गले में व्रण, रुक्पाक:, स्फोटसदाह, **मुख व गुदपाक**, ज्वर	
7.	पूतना	वमन, अतिसार, कम्प, रात्रिजागरण, दिन में सुखपूर्वक शयन, ज्वर, प्यास, मूत्रनिग्रह, हिक्का, आध्मान		
8.	शीतपूतना	उद्विग्न, कम्पन, रोदन, सलीन अतिसार, आन्त्रकूजनम	तिर्यगीक्षणम्,एक पार्श्वगर्म दूसराशीत अतिसार, तृष्णा	
9.	अंधपूतना	स्तनद्वेष, वमन, अतिसार, ज्वर, कास, हिक्का, सतत अधःशयन,	पोथकी, नेत्र कण्डु	
10.	मुख– मण्डिका	पाणिपादरमणीयता, ज्वर, ग्लानि **सिरावृतोदरो** **बह्वाशी** (अधिक भोजन करना) सदाउद्विग्न	अरोचक	**प्रसन्नवर्णवदन**
11.	रेवती	शरीर का रंग नीला काला,ज्वरमुखपाक कर्णनासामर्दनम् श्रावव्रण, मल का हरा होना	कासहिक्का, कर्णनासाअक्षिमर्दनम् आँख चलाना,	मलभेद, ज्वरदाह
12.	शुष्क– रेवती(वा.)		सर्वांगक्षय	
13.	पुण्डरीक (काश्यप)	–	–	–

विवेचना

	काश्यपानुसार लक्षण	शरीर की गंध	Systemपर प्रभाव	Feature	आधुनिक मत
	माता का स्वप्न में गंध वाले पदार्थ एवं रक्तवर्णी पुष्प व वस्त्रों को धारण एवं बालक का मोर, मुर्गा, बकरी, भेड़ पर सवारी करते देखना, बिस्तर को रक्त से गीला देखना	वसारक्तगंधी (वा.) रक्तगंधी (सु.&यो.र.)	Nervous	सबसे अधिक,उग्र, बालक की विकलांगता या मरण निश्चित है	Hemiplegia with Facial
	माता का स्वप्न में रक्तवर्णी पुष्प व वस्त्रों को धारण करके एवं शरीर पर रक्तचन्दन का लेप करके भूतों के साथ नृत्य करे	पूयरक्तगंधी	Nervous	–	Epilepsy
	स्वप्न में नक्षत्र, ग्रह, चन्द्र, सूर्य, तारे तथा नैत्रपलक नीचे गिरी हुयी दिखना पूतना सदृश्य लक्षण	बस्तगंध (वा.) वसागंधी (सु.)	Nervous	–	Collapse due to Dehydration
	–	मल जैसी गंध	Nervous	–	Tetanus, Whopping cough, Hydrophopia
	–	शव जैसी गंध	Nervous	–	Cholera
	स्वप्न में मांसभक्षी पक्षियों को देखना	विहङ्गगंधी (सु.) शकुनिगंधी (वा.)		Stomatitis BacillaryDys. Pllegra	Pllegra
	स्वप्न में नक्षत्र, ग्रह, चन्द्र, सूर्य, तारे तथा नैत्रपलक नीचे गिरी हुयी दिखना	काकतुल्यगंधी (सु.) काकवतपूतिगंध (वा.)	GIT	बालातिसार	Epidemic Diarrhoea
	–	वसाविस्त्रगंध (वा.) विस्त्रागोंगंध (सु.)		Weight Loos, Chills, cough	Choleric Diarrhoea
	–	वसागंधी (यो.र.) अम्लगंधी (सु.) मत्स्यगंध,अम्लगंधी(वा.)		Eye disorder	Bacillary Dyscentery
	स्वप्न में बालक को किसी पक्षी के द्वारा काटे जाने से सद्योमरण, आकाश को हरतालवर्णी पीला देखना, मांस सेवन व अलंकारों से धारित देखना	गोमूत्रगंधी (वा.)		----	----
	स्वप्न में बालक को समुद्र आदि में डूबते देखना	बस्तगंध (वा.) पंकगंध (यो.र.)		Green stool	**Pernicious** Anaemia
	स्वप्न में सूखे हुये कुऐं या नदी का दर्शन हो	–		Wasting	**Marasmus**
	धात्री स्वप्न में रक्तपुष्प वाले वन में या अग्नि में प्रवेश करे शिशु अग्नि में जलाया जाय	–	–	–	–

❀काश्यप ने बालग्रहचिकित्साध्याय में अन्धपूतना, शीतपूतना (कटपूतना) की ही चिकित्सा प्रमुखता से कही है।

❀काश्यप ने अन्धपूतना की शीतकारक चिकित्सा एवं अक्षि रोगों के समान चिकित्सा बतलायी है।

❀ •अन्धपूतना ग्रह का वर्णन मिलता है – सुश्रुत में
•गन्धपूतना ग्रह का वर्णन मिलता है – योग रत्नाकर में
•अदृष्टिपूतना ग्रह का वर्णन मिलता है – अष्टांग ह्रदय में

❀असाध्य ग्रह के लक्षण – केशपात, अन्नविद्वेष, रोना, उदर में ग्रन्थि, नानाविधमल, जिह्वा निम्नता मध्ये, श्यावं तालु एवं गिद्ध गंध

❀ ग्रहरोग उपक्रम –•वमन साध्य ग्रह –स्कन्द, स्कन्दापस्मार, पितृग्रह, नैगमेष
•वमन निषेध ग्रह – पौण्डरीक, शकुनी, पूतना, मुखमण्डिका का.सं.चि.7 के अनुसार
•वमन व विरेचन निषेध ग्रह – रेवती

❀ सामान्य कर्म – 1.परिषेक व धूपन
2.अष्टमंगलघृत या अभया घृत
3. दैवव्यापाश्रय चिकित्सा

काश्यप का वेदनाध्याय

क्र.	रोग	लक्षण	अर्थ
1.	अतिसार (Diarrhoea)	देहवैवर्ण्यमरतिर्मुखग्लानिरनिद्रता। वातकर्मनिवृत्तश्चेत्यतीसाराग्रवेदनाः।।	अतिसार – शरीर विवर्ण हो जाता है, अरति, मुखग्लानि तथा अनिद्रा हो जाती है, वायु के कर्मो की निवृत्ति अर्थात् वायु अपना अनुलोमन का कार्य नहीं करती है – ये सब अतिसार के पूर्व लक्षण हैं।
2.	विसूचिका (Cholera)	दह्यन्तेऽगांनि सूच्यन्ते भज्यन्ते निष्टनत्यति। विसूचिकायां बालानां **हृदि शूलं च बर्धते**।।	विसूचिका–बालक के अंगों में दाह होता है, सूचीभेद सदृश्य पीड़ा होती है, उसे सांस लेने में कष्ट होता है,तथा हृदय में शूल होता हैं।
3.	अलसक (Intestinal obstruction)	शिरो न धारयति यो भिद्यते जृम्भते मुहु। **स्तन पिबति नात्यर्थं** ग्रथितं छर्दयत्यपि।। विषादाध्मानारुचिभिर्विद्यादलसकं शिशोः। विसूचिकालसकयोर्दुर्ज्ञाने लक्षणौषधे।।	अलसक–बालक थोड़ी देर भी सिर को ठीक तरह से धारण नहीं कर सकता है, उसके शरीर का भेदन होता है,वह बार बार जंभाई लेता है, अधिक स्तनपान नहीं करता है, ग्रथित वमन कर देता है, तथा विषाद, आध्मान और अरुचि होती है।
4.	उदरशूल (Colic)	**स्तनं व्युदस्यते रौति चोत्तानाश्वावमज्यते**। उदरस्तब्धता शैत्यं मुखस्वेदश्च शूलिनः।।	उदरशूल – बालक स्तन पान करना छोड देता है, वह रोता है, उत्तान लेटता है तथा उदर में स्तब्धता होती है, उसे सर्दी लगती है तथा मुख पर पसीना आ जाता है।
5.	छर्दि (Vomitting)	अनिमित्तमभीक्ष्णं च यस्योद्गारः प्रवर्तते। निद्राजृम्मापरीतस्य छर्दिस्तस्योपजायते।।	छर्दिरोग – बालक को बिना किसी कारण के बार बार डकार आते हों, निद्रा व जंभाई आ रही हो तो ये वमन का पूर्वरुप है।
6.	श्वास (Asthma)	निष्टनत्युरसाऽत्युष्णं श्वासस्तस्योपजायते।	श्वासरोग– श्वासरोग में बालक के छाती से अत्यन्त गरम सांस निकलते है।
7.	हिक्का	**अकस्मान्मारुतोद्गारः कृशे** हिक्का प्रवर्तते।।	हिक्का – कृश व्यक्ति में एक दम वायु की डकार आवे तो हिक्का होने की संभावना होती है।
8.	तृष्णा	**स्तनं पिबति चात्यर्थं** न च तृप्यति रोदिति। शुष्कौष्ठतालुस्तोयेष्सुर्दुर्बलस्तृष्णायाऽर्दितः।।	तृष्णा– अत्यधिक स्तनपान करने पर भी यदि तृप्त नहीं होता तथा रोता रहता हो, और ओष्ठ, तालु सूख गये हों, यदि जल का इच्छुक हो तो जानना चाहिये कि बालक को प्यास लगी है।
9.	आनाह (Flatulence)	**विशालस्तब्धनयनः पर्वभेदारतिक्लमी।** संरुद्धमूत्रानिलविट् शिशुरानाहवेदनी।।	आनाह– जिसकी आंखें फैली व स्तब्ध हों, जिसको पर्वभेद हो, जिसे अरति तथा क्लम हो, जिसके मूत्र, वायु, मल सभी रुक गये हों,
10.	आमदोष	स्तैमित्यमरुचिर्निद्रा गात्रपाण्डुकताऽरतिः। रमणाशनशय्यादीन् धात्रीं च द्वेष्टि नित्यशः।। अस्नातः स्नातरूपश्च स्नातश्चास्नातदर्शनः। आमस्यैतानि रूपाणि विद्याद्वैद्यो भविष्यतः।।	आमदोष– इस रोग में स्तिमितता अरुचि, निद्रा, पाण्डु व अरति होती है तथा बालक को खेल, भोजन, निद्रा तथा धात्री से भी निरन्तर द्वेष हो जाती है। यदि उसने स्नान नहीं किया हुआ है तो स्नान किये हुए के समान प्रतीत होता है, और यदि स्नान किया हुआ है तो स्नान न किये हुए के समान प्रतीत होता है।
11.	जन्तु–दंश (Insect Bite)	स्वस्थवृत्तपरो बालो **न शेते तु यदा निशि**। रक्तबिन्दुचितांगश्च विद्यात्तं जन्तुकादितम्।।	जन्तुदंश (Insect Bite)–स्वस्थ बालक यदि रात्रि में न सोये व उसके किसी अंग पर लाल बिन्दु दिखाई दें तो यह समझना चाहिये कि उसे किसी जन्तु ने काटा है।
12.	पाण्डु (Anaemia)	**नाभ्यां समन्ततः शोथः** श्वेताक्षिनखवक्रता। पाण्डुरोगेऽग्निसादश्च श्वयथुश्चाक्षिकूटयोः।।	पाण्डुरोग – इसमें नाभि के चारों ओर शोथ होता है। नैत्र, नख तथा मुंह सफेद हो जाता है। उसे अग्निमांद्य हो जाता है तथा उसकी आंखों के चारों ओर शोथ हो जाता है।
13.	कामला (Jaundice)	पीतचक्षुर्नखमुखविणमूत्रः कामलार्दितः। उपैत्यन्न निरुत्साहो नष्टाग्निरुधिरस्पृहः।।	कामला –इसमें आंखें,नाखून, मुख, मल, मूत्र पीले हो जाते हैं पाण्डु एवं कामला इन दोनों रोगों में मनुष्य उत्साह शून्य होता है, उसकी **जठराग्नि नष्ट** हो जाती है तथा रुधिर के प्रति उसकी स्पृहा (आकांक्षा अथवा आवश्यकता) होती है।
14.	मदात्यय (Alcoholism)	मूर्च्छाप्रजागरच्छर्दिधात्रीद्वेषारतिभ्रमैः। वित्रासोद्वेगतृष्णाभिर्विद्याद्वाले मदात्ययम्।।	मदात्यय–मूर्छा, जागरण(अनिद्रा) वमन, धात्री से द्वेष, अरति, भ्रम, वित्रास(डर), उद्वेग (वेगों की प्रबलता) तथा तृष्णा के लक्षणों से युक्त
15.	उरोघात (Pleurisy)	स्रोतोभ्यभीक्ष्णं स्पृशति पीनसे क्षौति कासते। उरोघाते तथैव स्यान्निष्टनत्युरसाऽधिकम्।।	उरोघात– इसमें पूर्वोक्त लक्षणों के साथ–साथ बालक छाती से बड़े गरम–गरम सांस निकालता रहता है।

क्र.	रोग	लक्षण	अर्थ
16.	पीनस (Coryza)	मुहुर्मुखेनोच्छ्वसिति पीत्वा पीत्वा स्तनं तु यः। स्रवतो नासिके चास्य ललाटं चाभितप्यते।।	पीनसरोग (प्रतिश्याय)– जो बालक स्तनपान करता हुआ बार बार मुख से श्वास लेता है, नासिका से स्त्राव एवं ललाट तप्त रहता है, स्रोतों को बार–बार स्पर्श करता है, छींकता व खांसता रहता है।
17.	मूत्रकृच्छ्र (Disurea)	रोमहर्षोऽङ्गहर्षश्च मूत्रकाले च वेदना। मूत्रकृच्छ्रे दशत्योष्ठौ बस्तिं स्पृशति पाणिना।।	मूत्रकृच्छ्र – इसमें बालक को रोमहर्ष, अंगहर्ष तथा मूत्रत्याग के समय वेदना होना, ओष्ठदंशन करना तथा बस्तिप्रदेश को स्पर्श करता है।
18.	प्रमेह	गौरवं बद्धता जाडयमकस्मान्मूत्रनिर्गमः। प्रमेहे मक्षिकाका (क्रा)न्तं मूत्रंश्वेतंघनंतथा।।	प्रमेह–इसमें बालक का शरीर भारी, बंधा हुआ, और जड़ होता है। तथा अकस्मात् उसका मूत्र निकल जाता है, जिस पर मक्खियां बहुत बैठती हैं तथा मूत्र का रंग श्वेत एवं धन होता है।
19.	अश्मरी (stones)	सशर्करातिमूत्रत्वं मूत्रकाले च वेदना। प्रततं रोदिति क्षामस्तं ब्रूयादश्मरीगदम्।।	अश्मरी– मूत्र शर्करा से युक्त हो तथा मात्रा में अधिक होता हो, मूत्रत्याग के समय वेदना होती हो, बालक बहुत अधिक और लगातार रोता हो तथा बहुत दुर्बल हो तो अश्मरी रोग समझे
20.	अर्श (Piles)	बुद्धपकपुरीषत्वं सरक्तं या कृशात्मनः। गुदनिष्पीडनं कण्डू तोदं चार्शसि लक्षयत्।।	अर्शरोग–इसमें मल बंधा हुआ, पक्व व साथ में रक्त भी होगा। बालक कृश होगा। उसकी गुदा में वेदना, कण्डू व तोद होगा।
21.	कण्डू	घर्षत्यङ्गानि शयने रोदितीच्छति मर्दनम्। शुष्कण्ड्वऽर्दितं विद्यात्ततश्चार्द्रा प्रवर्तते।।	शुष्ककण्डू (Pruritis)–इस रोग में बालक रात्रि को सोते समय अंगों का घर्षण करता है।वह रोता हुआ शरीर का मर्दन करता है। शुष्क के बाद आर्द्रकण्डू प्रारंभ होती है।
22.	विसर्प	रक्तमण्डलोकत्पत्तिस्तृष्णा दाहो ज्वरोऽरतिः। स्वादुशीतोपशायत्विं विसर्पस्याग्रवेदनाः।।	विसर्प – इस रोग में बालक शरीर पर रक्तमण्डल बन जाते हैं। उसे तृष्णा, दाह, ज्वर, अरति होती है तथा उसे मधु एवं शीत द्रव्यों के सेवन की इच्छा होती है।
23.	शिरःशूल	भृशं शिरः स्पन्दयति **निमीलयति चक्षुषी**। अवकूजत्यर तिमानस्वप्नश्च शिरोरुजि।।	शिरःशूल – शिरःशूल में बालक सिर को बहुत अधिक हिलाता है, आँखें बन्द कर लेता है,रात्रि को सोते समय चिल्लाता है। उसे आहार में ग्लानि हो जाती है तथा उसे नींद नहीं आती है।
24.	चक्षुरोग	दृष्टिव्याकुलता तोदशोथशूलाश्ररक्तताः। सुप्तस्य चोपलिप्यन्ते चक्षुषी चक्षुरामये।।	चक्षुरोग–इसमें दृष्टि व्याकुलता, तोद, शोथ, शूल, अश्रुओं का अधिक आना और लालिमा होती है। सोने पर वर्त्म परस्पर चिपक जाती हैं।
25.	कर्णवेदना	कर्णौ स्पृशति हस्ताभ्यां शिरो भ्रमयते भृशम्। अरत्यरोचकास्वप्नैर्जानीयात् कर्णवेदनाम्।।	कर्णवेदना–कर्णवेदना में बालक हाथों से कानों का स्पर्श करता है, सिर को बहुत हिलाता है, उसे ग्लानि, अरुचि और नींद नहीं आती है।
26.	मुखरोग	लालास्रवणमत्यर्थं स्तनद्वेषारतिव्यथा। **पीतमुग्दिरति क्षीरं** नासाश्वासी मुखामये।।	मुखरोग–मुखरोग में बालक के मुख से अत्यन्त लालास्राव होता है, दुग्ध से द्वेष हो जाता है, उसे ग्लानि व व्यथा होती है, पीयेहुए दूध को उगल देता है तथा नासिका से श्वास लेता है।
27.	अधिजिह्विका	लालास्रावोऽरुचिर्ग्लानिः कपोले श्वयथुर्व्यथा। मुखस्य विवृतत्वं च जानीयादधिजिह्विकाम्।।	अधिजिह्विका –इसमें लालास्राव, अरुचि, ग्लानि, कपोल पर शोथ तथा पीड़ा होती है और मुख खुला रहता है।
28.	कण्ठवेदना	**पीतमुग्दिरति स्तन्यं** विष्टम्भिश्लेष्मसेवनम्। ईषज्जवरोऽरुचिर्ग्लानिः कण्ठवेदनायाऽर्दिते।।	कण्ठवेदना–गले की वेदना में बालक पीये हुए दूध को उगल देता है, श्लेष्मवर्धक पदार्थो के सेवन से उसे विष्टम्भ हो जाता है, हल्का ज्वर, अरुचि तथा ग्लानि हो जाती है।
